शविपुरी में खुलेगी देश की पहली शासकीय महिला क्रिकेट अकादमी

चर्चा में क्यों?

24 फरवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे संधिया ने बताया कि प्रदेश की युवा क्रिकेट प्रेमी बेटियों के लिये देश की पहली शासकीय महिला क्रिकेट अकादमी शिवपुरी में खोली जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- यह प्रदेश की 11वीं अकादमी होगी। अब तक मध्य प्रदेश में एथलेटिक्स, शूटिंग, घुड़सवारी, वाटर स्पोर्ट्स, मार्शल आर्ट, पुरुष हॉकी, महिला हॉकी, बैडमिंटन, तीरंदाज़ी और पुरुष क्रिकेट अकादमी संचालित हैं।
- मध्य प्रदेश राज्य महिला क्रिकेट अकादमी के लिये 28 फरवरी से टैलेंट सर्च प्रारंभ होगा। इसमें 14 से 21 साल की खिलाड़ी शामिल हो सकती हैं। अकादमी के लिये पहला टैलेंट सर्च 28 फरवरी और 1 मार्च को इंदौर में होगा। इसमें इंदौर और उज्जैन संभाग के सभी ज़िलों के खिलाड़ी शामिल होंगे।
- भोपाल, नर्मदापुरम और सागर संभाग के ज़िलों के लिये भोपाल में 2 एवं 3 मार्च को टैलेंट सर्च होगा, जबलपुर संभाग के ज़िलों के लिये जबलपुर में 4 एवं 5 मार्च को तथा ग्वालियर एवं चंबल संभाग के ज़िलों के लिये घ्शिवपुरी में 7 एवं 8 मार्च को टैलेंट सर्च होगा।
- खेल विभाग द्वारा सभी अकादमी में चयनित खिलाड़ियों को शिक्षा, आवास, भोजन, प्रशिक्षण किट की सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-first-government-women-s-cricket-academy